Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 15-06-2022 अंक 256

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही प्रखंड के मनोज रजक बने प्रमुख एवं देवलाल कुशवाहा बने उप प्रमुख

### मनोज रजक ने सुजीता कुमारी एवं देवलाल कुशवाहा ने बसंती कुमारी को दी मात





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख के लिए हुए चुनाव में खोड़ाहर पंचायत समिति सदस्य मनोज रजक प्रखंड प्रमुख के पद पर निर्वाचित हुए। वही उप प्रमुख पद पर कोल्हुकला पंचायत समिति सदस्य देवलाल कुशवाहा निर्वाचित हुए। एसडीओ सह निर्वाची पदा. धिकारी पूनम कुजूर ने दोनों को प्रमाण पत्र सौपा। प्रमुख पद के लिए मनोज रजक, सुजीता कुमारी एवं गिरधारी लाल यादव ने नामांकन किया। तीनो में से किसी ने नामांकन वापस नही लिया। कुल 26 मत पड़े। इसमे मनोज रजक को 15 मत एवं सुजीता कुमारी को 10 मत मिला। जबकि एक मत रिजेक्ट हो गया। इस तरह मनोज रजक 5 मतो के अंतर से जीत हासिल कर प्रमुख पद हासिल किया। वही उप प्रमुख के लिए विजैया पंचायत समिति सदस्य देवलाल कुशवाहा एवं बरसोत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। दोनो का बीच मतदान हुआ। इसमे देवलाल कुशवाहा को 13 एवं बसंती देवी को 12 मत मिले। इस प्रकार देवलाल कुशवाहा मात्र एक मत से जीत हासिल के उप प्रमुख बने। मतदान के पूर्व जांच में 6 लोगो के पास कैमरा युक्त पेन बरामद किया गया। मतदान खत्म होने के बाद कलम को वापस दे दिया गया। इसे लेकर एक पक्ष ने मतदान को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। हालांकि इसका कोई प्रभाव नही पड़ा। शांति पूर्वक तरीके से मतदान सम्पन्न कराने में एसडीओ पूनम कुजूर, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, ए एसआई सुनील तिवारी ने अहम योगदान दिया। दोनो के जीत पर विधायक उमाशंकर अकेला, जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, कपिल प्रसाद केशरी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बिनोद विश्वकर्मा, रंजीत पांडेय, संजय रविदास, इकबाल रजा, फूलचंद सिंह , देवनंदन यादव, जितेंद्र गिरी, मनोहर यादव, भग. वान केशरी, अमित केशरी, वीणा उरांव, अब्दुल मनान वारसी, नबाब अली, मनोज यादव आदि ने बधाई दी है।

## बरही पूर्वी पंचायत के उपमुखिया बने मनोज उपाध्याय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड में दूसरे दिन निर्वाची पदाधिकारी सी आर इंदवार के उपस्थिति में बरही पूर्वी पंचायत में उपमुखिया का चुनाव संपन्न हुआ। उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी मनोज कुमार एवं अनुसुइया देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं मनोज कुमार को कुल 9 मत प्राप्त हुआ जबकि उनके निकटतम प्रतिद्विंदी अनुसुइया देवी को मात्र दो मत मिला। उन्होंने इस जीत पर मनोज कुमार ने बरही पूर्वी की जनता और अपने पक्ष में मतदान करने वाले सभी वार्ड सदस्य और विशेषकर बरही पूर्वी मुखिया मीनू देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर का आभार प्रकट किया। वहीं उनके समर्थको ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। बधाई देने वालो में अजय दुबे, रणधीर कुमार, मनोज रविदास, दिलीप कुमार, अनुज कुमार, रमेश ठाकुर, बिपिन सिन्हा, बीरेंद्र कुमार और पंकज कुमार शामिल है।

## धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व पंसस संतोषी कुमारी ने बरही इंस्पेक्टर का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना में नए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार के पदस्थापन के बाद धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी ने बुके देकर स्वागत किया। इसके अलावा नवनिर्वाचित पंसस संतोषी कुमारी ने महिला थाना प्रभारी बबिता कुमारी को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रकाश साव, गुलाम सरवर, विकास यादव, दामोदर प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## घरेलू विवाद में बेटा ने अपने पिता पर किया हमला, घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर निवासी बा. लेश्वर पंडित उम्र 60 वर्ष पिता स्व आनंद पंडित घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद में घायल व्यक्ति का छोटा बेटा अपने पिता पर हमला कर दिया। आनन फानन में परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

APEM LIVE

## बरही को शैक्षणिक हब बनाने के लिए शिक्षक, अभिभावक, बच्चे व मीडिया का समन्वय जरूरी : प्रो हिरामन साहू

### लोकनायक होटल के सभागार में शिक्षक सेमिनार का आयोजन, शैक्षणिक विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




लश्करी मोड़ स्थित लोकनायक होटल के सभागार में आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी रांची, वेक्टर क्लासेस बरही एवं करियर व्यूअर रांची के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक से. मिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएनवाईएम कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो हिरामन साहू एवं संच. ालन वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस सेमिनार में बतौर अतिथि आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक पदाधिकारी अमित कुमार पांडेय, करियर वेवर के विकास राय, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, झारखण्ड नेशनल कोचिंग सेंटर के संचालक डॉ सुनील कुमार दत्ता उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद सभी शिक्षकों एवं मीडियाकर्मियों को बुके एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के द्वारा संचालित टेक्निकल एवं नन टेक्निकल कोर्सेस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि यह यूनिवर्सिटी 28 साल से देश के कई राज्यों में संचालित है। 2019 में रांची में लांच हुई है। इस यूनिवर्सिटी के अंतर्गत 160 कॉलेज संचा. लित है। लगभग एक लाख 40 हज़ार स्टूडेंट्स अध्ययनरत हैं। सेमिनार में उपस्थित शिक्षक अजय प्रजापति, अंकित चन्द्रवंशी, मो तौकीर, कृष्ण कुमार, टुकलाल साव सहित दर्जनों शिक्षकों ने अपनी समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि जागरूकता के अभाव में यहां के बच्चे नामांकन तो बरही के ही शैक्षणिक संस्थान में कराते हैं जबकि कोचिंग बाहर जाकर करते हैं। जिसके वजह से उन्हें ज्यादा खर्च भी करना पड़ता है और कामयाबी भी नही मिलती। जबकि बरही के शैक्षणिक संस्थान क्वालिटी युक्त शिक्षा मुहैया करा रही है। सभी ने माना कि यदि बरही को शैक्षणिक हब बनाना है तो यहां के बच्चों का ठहराव जरूरी है। उन्हें समझना होगा कि बरही में भी एक से बढ़कर एक फै. कल्टी हैं। मौके पर आरकेडीएफ रजिस्टार अमित कु पांडेय, कमलकांत दुबे, प्रोफेसर कुमार सोम, करियर वेवर के विकाश राय, प्रमोद विश्वकर्मा, रवि शेखर,वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक गुप्ता, शिक्षक राजेश यादव, आर्यन गुप्ता, अरुण कुमार, राकेश रोशन, शिक्षक अंकित कुमार, शिवजी एकेडमी के निदेशक कुमार कृष्णा, उप. निदेशक राजेश यादव, ब्रेन आईएएस एकेडमी के निद. शक सूरज कुमार गुप्ता, उपनिदेशक अभिषेक कुमार, कुमार कृष्ण, राजेश यादव, बरही डिफेंस अकेडमी के निदेशक कृष्णा राणा, फिजिकल ट्रेनर रोहित कुकर, वेक्टर कोचिंग के निदेशक अजय प्रजापति, समर्पण कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के निदेशक सिराज खान एवं शिक्षक देव कुमार मौजूद थे।

## बांझेडीह फोरलेन बना कार व मोटरसाइकिल चालकों का स्टंट जोन, घट सकती है बड़ी घटना

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



बांझेडीह फोरलेन पथ इन दिनों कार व मोटरसाइकिल चालकों के लिये स्टंट जोन बन गया है। कम उम्र के युवकों ने फोर लेन में अपनी गाड़ियों से अजीबो गरीब करतब दिखाते दिख जाते हैं। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। बुधवार को भी फोरलेन में एक कार चालक ने करतब दिखाने के दौरान कार को पलट दिया। इससे पहले की घटना की सूचना पुलिस को मिल पाती वे लोग आनन-फानन में कार को सीधा कर चलते बने। वहीं इस फोरलेन में वीडियो व फोटो खिंचवाने वाले युवकों की भीड़ देखी जा सकती है। कई बार फोटो खिंचवाने वाले युवक इतने बेपरवाह होते हैं कि उन्हें आते-जाते गाड़ियां भी नहीं दिखाई देती है। वह फोटो खिंचवाने में इतने मशगूल रहते हैं कि गाड़ियों को स्वयं साइड लेकर जाना पड़ता है। बीच सड़क पर तरह-तरह के स्टाइल से फोटो खिंचवाने वाले युवक कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। ज्ञात हो कि बांझेडीह पावर प्लांट से रोजाना सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन होता है। इस दौरान सड़क पर कार व मोटरसाइकिल से स्टंट करने वाले लोग तथा फोटो खिंचवाने वाले युवकों को सावधानी बरतनी होगी, नहीं तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## बिना वैध कागजात बालू परिवहन करते पकड़ा गया ट्रैक्टर

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़की धमराय उपर मोड़ के नजदीक अंचला. धिकारी चंदवारा द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध रूप से नदी से बालू उठाव कर ले जाते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा। जिसे सुरक्षार्थ तिलैया डैम ओपी में रखा गया है। अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के द्वारा झारखंड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली 2017 के नियम 54 (5) के तहत अगरेतर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को लिखित में सूचना दे दी गई है।

APEM LIVE

दिनांक: 15-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## नवनिर्वाचित मुखिया ओर वार्ड सदस्य को दिलाई गई पद और गोपनीयता की शपथ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रतिनिधि। प्रखंड के बेडोकला और गैंडा पंचायत सचिवालय में बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी कृति. बाला लकड़ा ने नव. निर्वाचित मुखिया रिंकी देवी और वार्ड सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाची पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा व सहायक निर्वाची पदाधिकारी डॉ० धनंजय कुमार सिंह, धनेश्वर प्रसाद की निगरानी में उपमुखिया का चुनाव हुआ। उपमुखिया पद पर अरुणा देवी ने जीत दर्ज की। उन्होंने गांधी रजक को एक मत से पराजित किया। शपथग्रहण कार्यक्रम में बीएफटी दिलीप कुमार दास, रघुनन्दन कु सिंह, सन्तोष कुमार, सुनील दास, पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, मो मुमताज, राजेन्द्र पांडेय, रामप्रवेश साव, घनश्याम साव, अशोक राणा, काशी यादव, भीम साव, धीरेंद्र बैठा, सुदामा साव, रविंद्र शर्मा, इंद्रदेव यादव, प्रभु यादव, तुलसी यादव उपस्थित थे। गैंडा पंचायत में उपमुखिया के चुनाव में दो वार्ड सदस्यों ने दावेदारी की। उपमुखिया के लिए हुए मतदान में चंद्रदीप पांडेय ने सावित्री देवी को तीन मतों पराजित कर विजयी हुए।

फोटो बरकट्ठा पी 1- बेडो. कला में नवनिर्वाचित मुखिया रिंकी देवी को शपथ दिलाते बीडीओ कृति. बाला लकड़ा।

## चंदवारा थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

### शांति–व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई – प्रशासन

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद देश भर में बिगड़े साम्प्रदायिक सौहार्द के मामले को लेकर व थाना क्षेत्र में सतर्कता बरतने के मद्देनजर चंदवारा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख लीलावती देवी समेत थाना क्षेत्र के कई जनप्रति. निधि व समाजसेवी उप. स्थित हुए। बैठक में क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रशासन ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी राम. रतन वर्णवाल ने कहा कि जिस तरह रांची में उपद्रव की घटना घटी है, ऐसी घटना हम लोगों के क्षेत्र में न हो, इस पर पूरी सतर्कता के साथ नजर रखनी है। अगर कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप, यूट्यूब, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर किसी तरह का भ्रामक एवं झूठा हिंसक भड़काऊ मैसेज, वीडियो पोस्ट करता है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें। वहीं थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार सोशल मीडिया पर बनाए गए ग्रुप के एडमिन अपने ग्रुप में भ्रामक व हिंसक पोस्ट न होने दें। अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। आपस में सभी को मिलजुल कर रहना है। बैठक में चन्दवारा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधी संजय दास, पिपराडीह मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार, पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, आरागारो मुखिया प्रतिनिधि मुंशी यादव, मदनगुण्डी मुखिया रामदेव यादव, खांडी मुखिया मो असगर अंसारी, थाम मुखिया पुष्पा देवी, पंचायत समिति प्रतिनिधि बालगोविंद सोनी, महेन्द्र पंडित, पूर्व मुखिया महेन्द्र यादव, जयनरायण रजक भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिंह, मो अमानत, कुंदन कुमार, चतुरी महतो, मोती दास, मनोज रजक, युवा नेता कृष्णा यादव, सिताराम स्वर्णाकार, अनिल यादव, रामप्रसाद यादव ,आनंद मोदी, एस आई नवीन होरो, एस आई हरदुगन होरो, एस आई रामस्वरुप यादव, रंजीत झा समेत कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## पीडीएस डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने किया हंगामा

### कम राशन व दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनील रजक**



प्रखंड के बगड़ो पंचायत अंतर्गत हरिहरपुर गांव में काफी राशन कार्डधारी लोग एकजुट होकर सोमवार को पीडीएस डीलर अनीता महिला मंडल पर अनाज कम देने और दुर्व्यवहार करने के अलावे राशन उठाव का बिल नहीं देने एवं समय पर दुकान नहीं खोलने एवं अंगूठा लगाकर हफ्तों बाद राशन वितरण करने का आरोप लगाया है। वहीं उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रत्येक राशन कार्डधारी में से किसी लाभुक से 2 किलो किसी से 4 किलो अनाज काट लिया जाता है। इस मामले को हमलोगो ने कई बार उठाने का काम किया और खबरें मीडिया का सुर्खियां भी बना पर पदाधिकारियों के द्वारा दोषी डीलर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे हम लोग काफी परेशान हैं। डीलर का मनोबल इतना बढ़ गया है कि हम लोगों को खुलेआम धमकियां देती है और कहती है की राशन कार्ड ही कटवा देंगे जब कार्ड ही नहीं बचेगा तो राशन कहां से मिलेगा। यदि इस बार भी दोषी डीलर पर जांच कर कार्यवाही नहीं होती है तो हम लोग ऐसी परिस्थिति में कोडरमा जिला उपायुक्त को आवेदन देकर दोषी डीलर का जांच करवाते हुए उनपर कानूनी कार्रवाई करवाने की मांग करेंगे। वही राशन वितरण करने वाली महिला सीमा देवी से जब पूछा गया तो उसने कहा कि ऊपर से ही आद. ेश है अनाज काटने का इसलिए हम लोग काट लेते हैं हमलोगों के पास कोई रोजगार नहीं है पेट चलाने के लिए इसलिए ऐसा काम करते है। यह बात पदाधिकारी लोग भी जानते हैं। शिकायतकर्ता राशनकार्डधारी लाभुकों में रीता देवी गिरजा देवी रेनू देवी सरोज देवी बबीता देवी शबीना खातून मनोरमा देवी पार्वती देवी सकूल अंसारी संगीता देवी सलमा खातून बिंदिया देवी जलमन खातून शकूर अंसारी शहजादी खातून कईम अंसारी फातिमा खातून बा. लेश्वर लाल के अलावे कई अन्य शामिल है।

## कार और बाइक की जोरदार टक्कर में एक कि मौत, बच्चे समेत तीन घायल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां थाना क्षेत्र के पसनौर पुल पर एक बाइक और एक कार में टक्कर हो गई जिसमे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद 108 के माध्यम से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया जहां डॉक्टर हबीबुल्लाह खान ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं घयल एक युवक समेत दो बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह निवासी गोखुल यादव पिता हरी यादव उम्र 30 वर्ष, श्रीराम यादव पिता भुनेश्वर यादव उम्र 28 वर्ष और गोखुल यादव की पुत्री बेबी कुमारी उम्र 10 वर्ष और पुत्र जीवन कुमार उम्र 8 वर्ष चारों एक बाइक पर सवार होकर बरवाडीह से बासोडीह जा रहे थे। इसी दौरान पसनौर पूल पर विपरीत दिशा से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में गोखुल यादव की मौत गई व श्रीराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया और दोनों बच्चें मामूली रूप से घायल हुए हैं।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढाब में पानी की किल्लत

### मध्याह्न भोजन बनाने व बच्चों को पानी पीने में हो रही परेशानी

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनील रजक**

डोमचांच प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढाब में लगभग 700 बच्चे नामांकित है। विद्यालय में काफी संख्या में वर्ग पहला से लेकर दसवीं तक के बच्चे विद्यालय प्रतिदिन पढ़ने जाते है। उनके बीच इन दिनों पीने के पानी की घोर समस्या हो गई है। जिसे लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्रओं ने मंगलवार को बताया की विद्यालय का अपना तीन चापाकल है। जिसमे से दो बंद पड़े है। और एक चापाकल चालू है। जिसमे किसी व्यक्ति द्वारा मोटर लगा दिया गया है। जिसके कारण पानी कभी निकलता कभी नही निकलता है। हमलोग विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे प्यास लगने पर पढ़ाई छोड़कर काफी दूर से पानी लाकर पीते है। पानी के अभाव में शौचालय हैंडवास का भी उपयोग नही कर पा रहे है। वही विद्यालय में रसोईया पद पर कार्यरत सतिया मोसा. ेमात उम्र 56 वर्ष बोली की पानी काफी दूर से इस भीषण गर्मी में ढोकर लाती हूँ। तब जाकर बच्चों का मध्यान भोजन बन पाता है। वही बर्तन धोने के लिये भी पानी माथे पर ढोकर लाना पड़ता है। पानी समस्या पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय यादव ने कहा की जिला प्रशासन से माँग करते है की जल्द विद्यालय में पानी समस्या का समाधान निकाले ताकी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पानी समस्या से निजात मील सके। साथ ही उन्होने यह भी कहा की पानी समस्या को लेकर विद्यालय की ओर से कोड. रमा जिला उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी डोमच. ांच,पेयजल एवं स्वछता विभाग कोडरमा को भी आवेदन दिया जा चुका पर अब तक कोई पहल नही हो पाया है। वही समाजस. ेवी विनोद यादव ने भी कहा बच्चों को पानी समस्या से निजात दिलाने में जिला के पदाधिकारीगण को ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकी इस भीषण गर्मी में बच्चों को पानी पीने के लिये इधर उधर भटकना नही पड़े।

## धनवार थाना क्षेत्र में एक्साइज का पड़ा छापा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतों**

गिरिडीह उत्पाद विभाग को अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री की सुचना लगातार मिल रही थी जिसको लेकर आज मंगलवार को धनवार थाना क्षेत्र स्थित नवागढ़ चट्टी में उत्पाद निरीक्षक बी के सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमे 60लीटर शराब जब्त और पांच क्विंटल जावा महुआ को बरामद कर नष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले धंधेबाज गोविंद साव पिता रुदो साव मौके से भागने में सफल रहे धंधेबाज गोविंद साव पर उत्पाद विभाग विधि सम्मत कार्यवाही कर रही है। अपेम लाइव न्यूज दैनिक अखबार गिरिडीह सवाददाता बजरंगी महतो से बातचीत करते हुए उत्पाद निरीक्षक बी के सिंह ने अवैध शराब बनाने वाले धंधेबाज और बेचने वाले को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि गिरिडीह ज़िला में किसी भी शर्त पर अवैध शराब बिक्री और निर्माण कार्य को फलने फूलने नही दिया जाएगा। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से अजय कुमार, रामनरेश राय, महानंद सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, निरंजन कुमार, दीपेंद्र कुमार राय, बालगोविन्द सिंह, अशोक सिंह, चालक रामअयोध्या राय समेत जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निवर्तमान मुखिया इन्दु देवी बनीं उप मुखिया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**मुमताज अंसारी**



बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कपिलो की निवर्तमान मुखिया इन्दु देवी दो मतों से विजय प्राप्त कर उप मुखिया बनीं. विदीत हो कि अपने एक कार्यकाल में छरूराष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली ग्राम पंचायत कपिलो की निवर्तमान मुखिया इन्दु देवी अपने अपने प्रतिद्वंद्वी को दो मत से हराकर उप मुखिया बनीं. शपथग्रहण समारोह के पश्चात् निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा के नेतृत्व में उप मुखिया का चुनाव कराया गया जिसमें नवनिर्वाचित ग्यारह वार्ड सदस्य में से नौ वार्ड सदस्यों ने चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बनें उक्त प्रक्रिया में उप मुखिया पद के लिए महेश यादव एवं इन्दु देवी ने नामांकन दाखिल किया दोनों का नामांकन सही होने के पश्चात् गुप्त मतदान करवाया गया जिसमें इन्दु देवी को पांच मत एवं महेश यादव को तीन मत प्राप्त हुए तथा एक मत रद्द हुआ, इस प्रकार इन्दु देवी दो मतों से विजय प्राप्त कर उप मुखिया बनीं. वहीं इस बार इनके पति मुकेश यादव मुखिया बनें हैं इस जीत के पश्चात् नवनिर्वाचित मुखिया मुकेश यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता मुझे मुखिया बनायी है और वार्ड सदस्यों ने मेरी धर्म पत्नी को उप मुखिया बनायी है उनके उम्मीद को कभी डिगने नहीं देंगे पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हुए हर परिवार के सुख दुःख में सहभागी बनेंगे. इस मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदा. धिकारी श्री निरज गुप्ता, प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी राजकुमार पा. सवान, पंचायती राज के प्रखण्ड समन्वयक कुंदन कुमार, अधिकारी एवं वार्ड सदस्य मौजूद रहे

## गिरिडीह नगर भवन में जिला प्रशासन ने आयोजित किया साइबर सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम







**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज 15जून को नगर भवन गिरिडीह में गृह मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा प्रस्तुत स्ट्रीट प्ले अ०फ साइबर सेफ्टी एंड नेशनल सिक्यो. रिटी प्रोग्राम आयोजित किया गया। साइबर अपराध से आजादी, आ. जादी का अमृत महोत्सव स्लोगन को हाईलाइट किया गया। कार्यक्रम के पूर्व शहर में बाइक रैली निक. ाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला जज गिरिडीह, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, एएसपी, डीएसपी साइबर, वरीय अधिवक्ता प्रकाश सहाय एवं चुन्नुकांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंचासीन अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डीएसपी संजय राणा ने किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि अपने बैंक खाते से सम्बन्धित गुप्त जानक. ारी किसी भी अंजान लोगो के साथ नही करें। अगर आप के मोबाइल नंबर पर बैंक या एटीएम से सम्ब. न्धित कोई नोटिफिकेशन आती है या कोई ईमेल आता है तो तुरन्त अपने बैंक मैनेजर से संपर्क करें और उसकी जानकारी प्राप्त करें। आज कल साइबर क्राइम का रोज रोज ट्रेंड बदल रहा है। कभी फ्री मोबाइल रिचार्जका अ०फर, कभी कौन बनेगा करोड़पति में पार्टिसिपेंट करने का अ०फर, कभी ल०टरी में इनाम मिलने की बात, कभी कम कीमत में नए वाहन का अ०फर, कभी बिजनेस शोरूम खोलने की अ०फर, कभी मोबाइल फोन ट०वर लगवाने की बात, कभी नौकरी लगवाने की बात, कभी कोई सरक. ारी योजना का लाभ दिलाने की बात, कभी लोन माफ कर देने का अ०फर जैसे अन्य कई लालच देकर साइबर क्राइम करने वाले लोग आपके बैंक खाते से रकम उड़ा लेते हैं। आपके मोबाइल या ईमेल में आपके बगैर किसी जानकारी के ओटीपी आता है और उसे कोई फोन क०ल कर ओटीपी जानने की कोशिश करता है तो बिलकुल नहीं दें तुरन्त अपने नजदीकी साइबर थाना को सूचना दे। अगर किसी को साइबर क्राइम करने वाले अपना शिकार बना लिया हो तो अपनी घटना को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं ताकि अन्य लोग जागरुक हो सके। आज के कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों , गणमान्य लोगों के अलावा विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था। विद्यार्थियों के बीच साइबर सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्यान भोजन की भी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई थी। वक्ताओं ने कहा कि बैंक के अधिकारी किसी भी व्यक्ति का खाता खोलने में प्रोटोकाल का पालन नहीं करते हैं जिसके कारण साइबर क्राइम करने वाले की पहचान ठीक से नहीं हो पाती है। मोबाइल सिम बेचने वाले दुकानदार भी बगैर आईडी की पुष्टि किए सिम जारी कर देते है इससे भी साइबर क्राइम को बढ़ावा मिलता है। लोगों को जागरुक होना होगा तभी साइबर क्राइम को जड़ से मिटाया जा सकता है।




## वन विभाग ने जब्त किया सखुआ पेड़ से लदा ट्रेक्टर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज वन विभाग गिरिडीह के तेलोडीह वन प्रक्षेत्र के कोदयडीह जंगल से सखुआ पेड़ लाद कर तस्करी के लिए जाने की तैयारी करते हुए एक ट्रैक्टर को सखुआ पेड़ लदा हुआ जब्त किया जानें का मामला प्रकाश में आया है। इस विषय पर गिरिडीह वन विभाग के रेंजर एसके रवि ने बताया कि आज अहले सुबह सुचना मिली की कुछ लोग सखुआ पेड़ को काटकर ट्रेक्टर पर लादकर तस्करी के लिए ले जानें की फिराक में हैं। सुचना मिलते ही एक टीम गठित किया और मुफ्फसिल थाना पुलिस के साथ घटना स्थल पर रवाना किया। घटना स्थल पर पहुंची टीम ने सखुआ पेड़ काट कर ट्रेक्टर पर लाद कर भागने की तैयारी कर रहे को जब्त कर लिया। पुलीस को आता देखकर सारे तस्कर और ट्रेक्टर चालक भाग खड़ा हुआ। कटा हुआ सखुआ पेड़ और ट्रेक्टर को जब्त कर वन विभाग परिसर लाया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। टीम में सुमित कुमार सिंह, सागर कुमार विश्वकर्मा, एंथनी हेंब्रम, रमेश टुड्डू वा मुफ्फसिल थाना पुलिस शामिल थे। प्राप्त जानकारी अनुसार ट्रेक्टर लेदा निवासी जितेंद्र कुमार वर्मा का है।

## झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के विभागीय बैठक में शामिल हुई बड़कागांव विधायक

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



झारखंड विधानसभा के सरकारी आश्वासन समिति की बैठक अध्यक्ष के कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।जिसमें बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद बतौर सदस्य मौजूद रही । सरक. ारी आश्वासन समिति की बैठक में स्टीफन मरांडी द्वारा दिनांक 4 मार्च को सदन में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुए आश्वासन के आलोक में सचिव परिवहन तथा पूर्व रेलवे के जीएम तथा डीआरएम पूर्व रेलवे आसनसोल के साथ विचार–विमर्श तथा इसी विषय पर पुलिस महानिदेशक झारखंड को भी आमंत्रित किया गया था ।वहीं दीपिका पांडे सिंह एवं उमाशंकर अकेला के द्वारा ध्यानाकर्षण जो राज्य के चौकीदारों की नियुक्ति के संबंध में उठाया गया था ।उक्त आलोक में मुख्य सचिव, प्रधान गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन तथा प्रधान सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के साथ विचार विमर्श किया गया।

## नाजमीन, अमीना, कामेश्वरी व सलमा ने जीता उपमुखिया का चुनाव

### बेला, चौयकलां, चौथी व यवनपुर पंचायत में सम्पन्नन हुवा उपमुखिया का चुनाव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी प्रखण्ड उपमुखिया का चुनाव सम्पन्न हुवा। दूसरे दिन बेला, चौयकलां, चौथी व यवनपुर पंचायत में उपमुखिया का चुनाव सम्पन्न हुवा। इससे पहले बेला पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, चयकला पंचायत की मुखिया नजराना खातून को दीपा खलको एवं चौथी पंचायत के मुखिया उपेंद्र यादव उर्फ गुलाबी, यवनपुर पंचायत के मुखिया जानकी यादव को बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाया। निर्वाचित उप मुखिया में बेला पंचायत से उप मुखिया पद के लिए ज्योति सिंह को एक वोट से पराजित कर नाजमीन खातून उपमुखिया बनी। चयकला पंचायत से अमीना खातून, यवनपुर से सलमा खातून एवं चौथी पंचायत से कामेश्वरी देवी उप मुखिया निर्वाचित हुई।



## बरतुवा गांव में सरना झंडागड़ी सह आदिवासी मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बरतुवा सरना स्थल में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ गांव के पाहन माना उरांव के अगुवाई में सरना झंडागड़ी आदिवासी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कलश में जल उठाकर सरना स्थल कि ओर आदिवासी वेश-भूषा मांदर कि थाप में प्रस्थान कियें ।केंद्रीय आदिवासी सरना प्रार्थना सभा जय सरना ट्रस्ट हजारीबाग से पहुंचे केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव ने अपने पाहन सहयोगी से सरना स्थल में झंडा स्थापना कर मां सरना धर्मेश, प्राकृतिक देवता, गांव के गंवाठ बाबा को पुजा- पाठकर गांव कि सुख समृद्धि कि कामना किया। कृष्णा उरांव ने कहा कि जय सरना ट्रस्ट का उद्देश्य- नशामुक्त व शिक्षित समाज का निर्माण करने पर विशेष जोर दिया जाना है। मौके पर उप. स्थित सभी ने जल,जंगल ,जमीन को बचाते हुए आदिवासी समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर, उपस्थित , पहान बिरसा उरांव ,बिरबल उरांव उपस्थित ग्रामीण पहान, गोड़ाइत ,पईनभोरा,परन उरांव, रो. हित उरांव,करमा उरांव,राजु उरांव, विनोद उरांव,फगुणी मुंडा, प्रदीप उरांव , आदि उपस्थित थें।

## बड़कागांव मध्य पंचायत में मुखिया एवं वार्ड सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण, अमर राणा निर्विरोध उप मुखिया चुने गए




**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव मध्य पंचायत में नवनिर्वाचित मुखिया मो. हम्मद तकरी मुल्लाह खान एवं नवनिर्वाचित सभी 10 वार्ड सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्य निर्वाचि पदाधिकारी नवीन कुमार कुल्लू के नेतृत्व में चुनाव कर्मियों के द्वारा किया गया। उप मुखिया के चुनाव में वार्ड सदस्यों ने अमर कुमार राणा को निर्विरोध उप मुखिया पद पर चुना। इस दौरान मुखिया तकरी मुल्लाह खान ने कहा कि पंचायत के विकास कार्यों में कमीशन खोरी नहीं होने दिया जाएगा। किसी भी योजना में किसी बिचौलिए को एक पैसे भी देना नहीं है। हम सभी लोग मिलजुलकर पंचायत का विकास करेंगे।मौके पर मुख्य रूप से नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, मुखिया मोहम्मद तक. रीमुल्लाह, उप मुखिया अमर कुमार राणा, वार्ड सदस्यों में समीना खातून, निर्मला कुमारी, मुस्कान परवीन, सरवरी खातून, सविता देवी, गणेश राम, सीमा देवी और सपना देवी ग्रामीणों में नवीन ठाकुर, रघुनाथ राम, सुरेश वर्मा ,मेवालाल नाग, फिरोज खान ,बबलू खान, पप्पू खान, सब्बू खान ,रोहित खान, मोहम्मद हकीम, वाकर इमाम ,मोहम्मद कलीम ,कुर्बान अंसारी, मो. हम्मद भोला खान, चुनाव कर्मियों में एआरओ नवीन कुमार कुल्लू ,संजीव राजीव, अनोज कुमार, कामेश्वर रविदास, ब्रह्मदेव रवानी, के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चेपाकल गांव में बनस मंडा पूजा एवं मेला का आयोजन कार्यक्रम संपन्न




**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मंडा पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में चेपाकला में मंडा पूजा समिति के द्वारा मंडा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद मौजूद रहे।अंबा प्रसाद चेपा कला पहुंचकर भारी संख्या में उपस्थित शिव भक्तों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।शिव भक्तों ने उपवास रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना किया ।साथ ही साथ लोटन सेवा, लप. रभंगी, पटभंगी पूजा भी पूरे विधि विधान के साथ किया।मंडा महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड का यह पर्व पूर्वजों का दिया हुआ ऐतिहासिक धरोहर है। क्षेत्र में लोक पर्व मंडा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जाता है।यह पर्व अच्छी बा. रिश एवं क्षेत्र के समृद्धि के लिए मनाया जाता है तथा इस दौरान शिवभक्त 7 से 9 दिन तक लगातार उपवास करने के बाद आग पर चलने एवं ऊंचाई पर पीठ पर लगे किल के सहारे झूलते हुए भक्त आराध्य की पूजा अर्चना करते हैं। एवं अंगारों पर चलकर शिव भक्त आस्था के कठिन अग्नि परीक्षा देते हैं।भक्ति और श्रद्धा का ऐसा नजारा देखने को काफी कम मिलता है। जहां बड़े से बड़े एवं नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर चलते हैं।मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे , चेपा कला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक, नवनिर्वाचित उप मुखिया आकांक्षा कुमारी , पदूम साव, राजेश कुमार, मेला संरक्षक नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, अध्यक्ष खेमानी साव ,सचिव दिनेश्वर महतो , कोषाध्यक्ष जयनंदन महतो , रामकृपाल कुमार सहित सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विकास सिंह बने कोल्हैया पंचायत के निर्विरोध उपमुखिया





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार स्िंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के कोल्हैया पंचायत सचिवालय भवन में निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में उप मुखिया के चुनाव का कार्यवाही सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम नव निर्वाचित मुखिया श्रीमती सोनिया देवी को मुखिया पद की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात सभी वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात उप मुखिया के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। वार्ड नं 13 से विकास कुमार सिंह ने उप मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल किया, जिसका सभी वार्ड सदस्यों ने समर्थन किया। तय समयावधि में किसी भी वार्ड सदस्य के द्वारा उप मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया गया। इसके पश्चात विकास कुमार सिंह को नि. र्विरोध उप मुखिया घोषित किया गया। इस मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी शौकत सरवर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सक, बिपिन लकड़ा, अजय कुमार, नवीन तिर्की, सतेन्द्र दांगी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चेपाकला में मंडा पूजा का किया गया समापन

### नवनिर्वाचित युवा मुखिया अनिकेत कुमार नायक न 40 फिट ऊंचे झूलन से लोगों पर बरसाया फूल





**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चेपाकला पंचायत में मंडा पूजा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के कई भक्तों ने पिछले दिनों से इस पूजा को सफल बनाने में अपनी भक्ति का परिचय दिया जिसमें भक्तों ने अपने धार्मिक रिती रिवाज को मानते हुए तथा उपवास करते हुए मंगलवार की रात को फुलखुन्दी अर्थात आग के चिंगारियां में भक्तों ने खाली पैर चलकर अपने आस्था का परिचय भी दिए, जिसके बाद भक्तों ने बुधवार कि यहले सुबह लकड़ी के बने 40 फीट ऊंचे झूलन में झूलते हूवे ऊपर से फूलों को निचे भक्तो के ऊपर बौछार किए। इस मेले में चेपाकला पंचायत के नव. निर्वाचित युवा मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने भी लोगों के साथ हर समय मिलकर तथा ऊंचे झूलन से झूलकर लोगों पर फूलों को बरसाया,इस मेले में क्षेत्र के कई इलाके से हजारों की संख्या में लोग आए हूवे थे। इस मंडा पूजा को सफल बनाने में पंचायत के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम,पूजा समिति के अध्यक्ष खेमानी साव,सचिव दिनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष जयचंद महतो,संरक्षक चिंतामन महतो, लखन महतो,रामेश्वर महतो,बा. लेश्वर तुरी,अनिप तुरी,शंकर करमाली, दशरथ करमाली,भुनेश्वर प्रजापती, कुलपति राणा,सुनील कुमार,लक्षमण महतो, व दर्जनों लोग शामिल थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरेखाप के पांच बिरहोर बच्चियां पढ़ती थी आवासीय बालिका विद्यालय में

### गर्मी छुट्टी बिताने आई पांच बिरहोर के बच्चे नहीं वापस आए झारखण्ड आवासिय बालिका विधायल

### बी डी ओ का प्रयास भी हुआ फेल,बिरहोर कालोनी पहुंचे बी डी ओ तो छात्राओ के परिजनों ने कहा कमैले चल गलथिन हे सब बचौन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के वीरेखाप गांव के बिरहोर बच्चे वैसे बिलरहौर बच्चे जो आज तक स्कूल की दहलीज पार भी नहीं किए थे वैसे बच्चों को कान्हाचट्टी के निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक के प्रयास से झारखंड आवासीय विद्यालय राजपुर में नामांकन कराया गया था। बच्चे ठीक-ठाक पढ़ाई लिखाई भी कर रहे थे,लेकिन इस वर्ष गर्मी छुट्टी हुई और गर्मी छुट्टी खत्म होने के बाद बिरहोर क०लोनी के 5 छात्राओं में से एक भी विद्यालय नहीं गए। जब विद्यालय में इन बच्चियों का परीक्षा शुरू हुआ तो इसकी जानकारी वार्डन ड० मंजू पांडे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो से कहीं की बिरहोर बच्चियां गर्मी छुट्टी में गए वो स्कूल खुलने के बाद भी नहीं आए है। वार्डन के कथनानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने बुधवार को बक. चुम्बा पंचायत के बीरेखाप गांव पहुंचे और बच्चियों के परिजनों से बी डी ओ साहब ने जब जानकारी ली तो बच्चियों के अभिभावकों ने कहा बच्चे कमाई ले चल गेलथि हे।नई कमेथी त का खेथी। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं बीपीओ निरंजन कुमार सिंह ने बिरहोर के बच्चों के अभिभावकों को काफी समझाने का प्रयास भी किया लेकिन अभिभावकों ने साफ कहा कि बच्चन कमैंले चल गलथी हे, त हम का करियै। बताते चलें कि झारखंड सरकार आदिम जनजाति बैगा आदि जनजातियों को पढ़ाने के लिए एवं सारी सुविधा देने के लिए तरह-तरह की कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं फिर भी यह बिरहोर बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की एक भी बात नहीं माने और बच्चों को स्कूल तक नहीं भेजे। जिसके कारण बिरहोर के 5 बच्चियां परीक्षा से वंचित रह गई। इन बच्चों में रेनू कुमारी पिंकी कुमारी रेखा कुमारी रंजू कुमारी और खुशबू कुमारी का नाम शामिल है।

## स्मिता प्रकाश बनी प्रमुख तथा कविता देवी बनी उप प्रमुख।

**अपेम लाइवः प्रातपपुर**
**कुमार चंदन**



प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रतिष्ठित प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख पद के चयन को लेकर मतदान कराया गया।निर्वाची पदाधिकारी के रुप में अनुमंडल दंडाधिक. ारी मो. मुमताज अंसारी मौजूद थे। प्रतापपुर में पंचायत समिति के 24 सदस्य हैं।सबसे पहले निर्वाचित सभी पंचायत समिति सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ निर्वाची पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी ने दिलाया।पद और गोपनीयता के शपथ के बाद प्रखंड प्रमुख के चुनाव की प्रक्रिया शुरु किया गया।प्रमुख पद के लिए दो प्रत्याशियों निर्वतमान प्रमुख स्मिता प्रकाश तथा निवर्तमान उपप्रमुख लवली देवी ने नामांकन फार्म भरा।स्क्रूटनी के बाद मतदान कराया गया।कराए गए मतदान में स्मिता प्रकाश को 16 मत तथा उनके प्रतिद्वंद्वी लवली देवी को 8 मत मिला ।इस प्रकार निर्वाची पदाधिकारी ने प्रखंड प्रमुख के लिए स्मिता प्रकाश को विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र दिया।प्रमाण पत्र देने के बाद उन्हें फद और गोपनीयता की शपथ निर्वाची पदाधिकारी ने दिलाया।स्मिता प्रकाश टंडवा पंचायत के क्षेत्र संख्या 9 से पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुई हैं।प्रमुख पद के चुनाव के बाद उप प्रमुख पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरु किया गया।उप प्रमुख पद के लिए तीन प्रत्याशियों कविता देवी,काजल कुमारी तथा रिंकी कुमारी ने नामांकन फार्म भरा। स्क्रूटनी के बाद मतदान कराया गया।मतदान में कविता देवी को 16 मत,काजल कुमारी को 05 मत तथा रिंकी कुमारी को 03 मत मिला। मतगणना के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने कविता देवी को उप प्रमुख पद का विजेता घोषित कर प्रमाण पत्र दिया।बाद में उप प्रमुख को निर्वाची पदाधिकारी ने उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाया।प्रमुख तथा उप प्रमुख के चुनाव के मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नु कुमार , थाना प्रभारी बिनोद कुमार,एसडीओ कार्यालय के उतम कुमार वर्मा,सूर्यदेव कुमार ,शिक्षक बिनोद केशरी तथा संतोष कुमार मौजूद थे।निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने शांति पूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सभी कख आभार एवं धन्यवाद दिया।

लगातार दूसरी बार प्रमुख बनी है स्मिता प्रकाश।

प्रखंड प्रमुख पद पर विजयी स्मिता प्रकाश लगातार दूसरी बार प्रखंड प्रमुख बनी है।कविता देवी पहली बार उप प्रमुख बनी है।अपनी प्राथमिकता के बारे में बताते हुए नव निर्वाचित प्रमुख ने प्रखंड का चहुमुखी विकास ,जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खडें सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रखंड के जनता के सुख दुख में हमेशा खडा रहना अपनी प्राथमिकता बताई।विदित हो कि स्मिता प्रकाश भाजपा नेता कपिल पासवान की पत्नी तथा चतरा के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता जनार्दन पासवान तथा पंचायत सेवक अर्जून पा. सवान की पुत्र वधू हैं।विज. ेता घोषित होने के बाद प्रमुख तथा उप प्रमुख ने विजय जुलूस निकाला जिसमें हजारों समर्थक शामिल थे।सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।समर्थकों ने जमकर अतिशबाजी किया तथा डीजे के धुन पर जमकर थिरके।

## बेकाबू कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

### दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल, एक कि स्थिति गंभीर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



कान्हाचट्टी : एक बार फिर चतरा में रफ्तार ने कहर बरपाया और बेक. ाबू कार ने तबाही मचा दी।तेज रफ्तार कार ने दो लोगो को चपेट में ले लिया । तरफ से आ रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार को टक्कर मार दी और कार के टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मामला सदर थाना क्षेत्र के इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग स्थित धमनियां मोड़ इलाके की है।. मौके पर दल बल के साथ पहुंचे एएसआई शशिकांत ठाकुर, घायलों को उपचार के लिए भेजा सदर अस्पताल। इटखोरी से चतरा की ओर आ रही थी बेकाबू कार। धमनिया में दो बाइक को टक्कर मारने के बाद कुल्लू मोड़ में हुआ दुर्घटनाग्रस्त, चालक गाड़ी छोड़ हुआ फरार। देवघर की बताई जा रही है दुर्घटनाग्रस्त कार, पड़ताल में जुटी पुलिस।

## चेड़रा पंचायत की उपमुखिया बनी रीना देवी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड के चेड़रा पंचायत भवन में नव. निर्वाचित मुखिया निर्मल कुमार एवं 12 वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सह उपमुखिया चुनाव का आयोजन निर्वाची पदाधिकारी रामबालक कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। नव. निर्वाचित मुखिया निर्मल कुमार के शपथ ग्रहण के तुरन्त बात उपमुखिया के लिए दो दावेदारी पेश की गई। जिसमे वार्ड सदस्य रीना देवी पति मिथिलेश बर्मन 10 मत लाकर उपमुखिया निर्वाचित हुई। वहीं, पूनम कुमारी को महज 2 मत प्राप्त हुए। मौके पर निर्वाची पदाधिक. ारी रामबालक कुमार, सीआई सतीश कुमार, राजस्व कर्मचारी रागिनी कच्छप, मुखिया निर्मल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पति बेचते है चाय, पत्नी संभालेंगी उप मुखिया का कमान

### चौयकलां पंचायत का उपमुखिया बनना सपना सच होने जैसा रू अमीना खातून

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



पंचायत से निर्वाचित मुखिया के अनुपस्थिति में पंचायत का कमान उपमुखिया के हाथों में होता है। उपमुखिया का चयन निर्वाचित वार्ड सदस्यों द्वारा किया जाता है। प्रखण्ड में दूसरे दिन निर्वाची पदाधिकारी के उप. स्थित में बेला, चयकला, यवनपुर और चौथी पंचायत में उपमुखिया का चुनाव समपन्न हुआ। सबसे दिलचस्प मुकाबला चौयकला पंचायत में देखने को मिला जहां साधारण परिवार से तालुक रखने वाली वार्ड सदस्या अमीना खातून चौयकलां पंचायत की उपमुखिया निर्वाचित हुए। अमीना खातून के पति अब्दुल हन्नान चाय बेचकर परिवार का जीविकोपार्जन करते है। पत्नी को उपमुखिया बनाने के जुनून ने वार्ड सदस्य बनाया। अमीना खातून ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी शुकर साव को महज एक मत से पराजित कर उपमुखिया बनी। अब्दुल हन्नान ने कहा जब नरेंद्र मोदी चाय बेचकर देश के प्रधानमंत्री बन सकते है तो हमारी पत्नी उपमुखिया क्यों नही बन सकती है। चुनाव जीतने के बाद सभी वार्ड के प्रति आभार प्रकट करते हुए अमीना खातून ने कहा कि मैं अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगी। अमीना ने कहा कि हमने कभी सपने में नही सोचा था कि हम चौय पंचायत की उपमुखिया बनेंगे। उप मुखिया बनने पर मुखिया नजराना खातून, प्रतिनिधि मो हेलाल अख्तर, समिति सदस्य प्रतिनिधि मो फैजान अजमेरी, युवा समाजसेवी मो अब्दुल मन्नान, ड० बालेश्वर राम , आसिम रजा, ताहिर हुसैन, आदि ने जीत की बधाई दिया।

APEM
LIVE

